# ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ

ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು–560003

# KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD

Malleswaram, Bengaluru-560003

## ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆ 2022-23

### ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ – ಹಿಂದಿ

**SUBJECT: First Language - Hindi**

**ಸಮಯ: 3 ಗಂಟೆ 15 ನಿಮಿಷಗಳು** | **ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ: 06H**

**ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100**

**CCE-RF**

**ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿಗಳಿಗೆ**

---

## परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :

1) इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर- वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 45 प्रश्न है।

2) यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है। परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं।

3) सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।

4) प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।

5) प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है। जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है।

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं। उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प को चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए । 6 × 1 = 6**

1. 'विश्वास' शब्द का विलोम रूप है –

   (A) अविश्वास (B) विश्वसनीय

   (C) विश्वरूप (D) अविनाश ।

2. 'युवक' शब्द का अन्य लिंग रूप है –

   (A) यौवन (B) युवा

   (C) बूढ़ा (D) युवती ।

3. निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है –

   (A) रानी (B) चेष्टाएँ

   (C) किताब (D) साड़ी ।

4. 'चलना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

   (A) छलनी (B) चलनशील

   (C) चलाना (D) चाल ।

5. 'कुटुम्ब' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –

(A) परिवार (B) समाज

(C) परिहार (D) समूह ।

6. 'टाँग अड़ाना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) नींद आना (B) रुकावट डालना

(C) भाग जाना (D) तैयार रहना ।

**II. प्रथम दो शब्दों में सूचित संबंध के अनुरूप तीसरे शब्द से संबंधित शब्द लिखिए ।**

**4 × 1 = 4**

7. विद्यालय : दीर्घ संधि :: भुवनेश्वरी : ...................................... ।

8. भाई-बहन : द्वन्द्व समास :: त्रिपुंड : .................................... ।

9. सैनिक लड़ेंगे : भविष्यत् काल :: सैनिक लड़ रहे हैं : ............. ।

10. जो अभिनय करती है : अभिनेत्री :: जो विदेश में रहता है : ................. ।

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए ।** **7 × 1 = 7**

11. रुपया बूढ़ों का सहारा कैसे बन सकता है ?

12. दरबारी किसे देखने के आदी थे ?

13. मन्नु भण्डारी जी बचपन में कैसी थीं ?

14. नगेन्द्र भट्टाचार्य जी के मन में बार-बार कौन-सी बात आती है ?

15. कविता में डॉ० इकबाल जी ने असीम देशप्रेम कैसे व्यक्त किया है ?

16. अज्ञेय जी ने चिड़िया से क्या माँगा ?

17. नेपोलियन किससे टकरा गया ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए ।** **10 × 2 = 20**

18. रुपए के अनुसार यह युग कैसा है ?

19. तावीज़ बाँधने का परिणाम बताइए ।

20. मन्नु भण्डारी जी के अजमेर के घर का परिचय दीजिए ।

21. नगेन्द्र भट्टाचार्य जी ने ग्राम्य जीवन का वर्णन कैसे किया है ?

22. हमारा देश स्वर्ग के लिए ईर्ष्या-स्थान कैसे बना है ?

23. सवेरे उठते ही कवि ने प्रकृति से क्या उधार माँगा ?

24. 'परिश्रम सफलता की कुँजी है ।' स्पष्ट कीजिए ।

25. स्काउट और गाइड के प्रमुख नियम क्या हैं ?

26. 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' कहावत का अर्थ पाठ के आधार पर समझाइए ।

27. 'जिन लोगों के पास आँखें हैं, वे सचमुच बहुत कम देखते हैं' – हेलन केलर को ऐसा क्यों लगता था ?

**V. निम्नलिखित लेखक / कवि का परिचय दीजिए ।** **2 × 3 = 6**

28. हजारी प्रसाद द्विवेदी ।

29. रहीम ।

[ Turn over

**VI. छन्द पहचानकर लक्षण बताइए ।** **3**

30. नैना देत बताय सब, हिय को हेत अहेत ।

**VII. अलंकार पहचानकर लक्षण बताइए ।** **3**

31. तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर बहु छाये ।

**VIII. निम्नलिखित वाक्यों का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए ।** **4 × 3 = 12**

32. "पर जहाँगीरी अण्डा है क्या ?"

33. "ठहरो, ठहरो ! कहाँ जाती हो ?"

34. "जनाब, अब भी शक की कोई गुंजाइश बाकी है ?"

35. आओ, हिय में भरें उमंगें, आओ नव निर्माण करें ।

आज उछालें नई तरंगें, जग में नूतन प्राण भरें ।

**IX. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए ।** **3 × 3 = 9**

36. घमंडी अभिनेत्री का सर वेल्स ने कैसे झुकाया ?

37. आलूर वेंकटराव जी के जीवन में नया मोड़ कैसे आया ?

38. 'पिछड़ा आदमी' कविता का आशय स्पष्ट कीजिए ।

**X. निम्नलिखित पद्यांश की पूर्ति कीजिए ।** **4**

39. पैदा कर जिस ..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

.................................................................... स्वजीवन सारा ।

**अथवा**

जग में सुख ..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

.................................................................... को गले लगाना ।

**XI. निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए ।** **4**

40. मुरझाये फूल में सुगंधि कौन ढूँढ़ेगा ?

बच्चे में कौन खोट देखेगा ?

हे देव ! विश्वास को ठेस लगने पर

फिर से सद्गुण कौन परखेगा ?

हे प्रभु, जले पर कौन नमक छिड़केगा

सुनो, हे चन्नमल्लिकार्जुन

नदी पार करने के बाद मल्लाह को कौन पूछेगा ?

**अथवा**

अज्ञानियों से स्नेह करना

मानो पत्थर से चिनगारी निकालना है ।

ज्ञानियों का संग करना,

मानो दही मथकर माखन पाना है

हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,

तुम्हारे भक्तों का संग करना

मानो कर्पूरगिरि की ज्योति को पाना है ।

**XII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर आठ-दस वाक्यों में लिखिए । $2 \times 4 = 8$**

41. लोकगीतों को जीवित रखने में स्त्रियाँ महत्तर भूमिका निभा रही हैं । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

देश के विविध प्रदेशों में गाए जानेवाले लोकगीतों का परिचय दीजिए ।

42. 'गाँधीजी का व्यक्तित्व आदर्शपूर्ण और अनुकरणीय है' – स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

गाँधीजी किन अपमानों के बाद उद्विग्न रहने लगे ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

**XIII. गद्यांश पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए । $2 \times 2 = 4$**

43. भारतीय संस्कृति की अपनी अनेक विशेषताएँ हैं, सांझी संस्कृति के कारण भारत को विश्व में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है । अनेक भाषाओं और बोलियों के होते हुए भी भारतवासी एक दूसरे से घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए हैं । विविधता में एकता भारत

की अस्मिता की पहचान है । आज सम्पूर्ण विश्व में प्रेम और सद्भाव की कमी खटक रही है । मानव, मानव के प्रति कठोर होता जा रहा है । यदि देखा जाए तो आज वसुधैव कुटुम्बकम की नीति का पालन करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए । संगठन और प्रेम में जितनी शक्ति होती है उतनी किसी अन्य चीज़ में नहीं है । व्यक्ति परस्पर दुःख-सुख का अनुभव करें, यही मानवता की सही व सच्ची पहचान है ।

a) भारत की अस्मिता का महत्व क्या है ?

b) मानवता की सही पहचान क्या है ?

**XIV. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए ।** **5**

44. सकारण बताते हुए प्रधानाध्यापक के नाम एक छुट्टी पत्र लिखिए ।

**अथवा**

अपनी पढ़ाई की प्रगति के बारे में बताते हुए अपने बड़े भाई को पत्र लिखिए ।

**XV. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 15-20 वाक्यों में निबंध लिखिए ।**

**1 × 5 = 5**

45. i) मेरा आत्म निर्भर भारत

ii) दूरदर्शन ।